भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 353
21 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत एफएफपीओ.

353. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी :

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत स्वीकृत, गठित और कार्यशील मत्स्य कृषक उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) की राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार और आंध्र प्रदेश में जिला-वार, विशेषकर कोनासीमा जिले में, संख्या कितनी है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान ऐसे एफएफपीओ से जुड़े मछुआरों और मत्स्य कृषकों की आंध्र प्रदेश में वर्ष-वार और जिला- वार, विशेषकर कोनासीमा जिले में, संख्या कितनी है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान पीएमएमएसवाई के अंतर्गत एफएफपीओ के गठन और उन्हें सुदृढ़ करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसी - वार और जिला-वार कितनी निधि स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई है ;
(घ) आंध्र प्रदेश में जिला-वार, विशेषकर कोनासीमा जिले में एफएफपीओ को प्रदान की गई वित्तीय, तकनीकी, क्षमता निर्माण, विपणन और अवसंरचना संबंधी सहायता का ब्यौरा क्या है;
(ङ) आंध्र प्रदेश में गठित एफएफपीओ की वर्तमान स्थिति क्या है और कितना कार्य-निष्पादन हुआ है तथा कार्यात्मक और गैर-कार्यात्मक एफएफपीओ की जिला-वार, विशेषकर कोनासीमा जिले में, संख्या कितनी है; और
(च) क्या सरकार के पास कोनासीमा जिले में कोई नया एफएफपीओ गठित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (च) :मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) अन्य बातों के साथ-साथ मछुआरों, मत्स्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनकी बार्गेनिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (FFPOs) की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करती है; मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने विगत पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26) के दौरान देश में 2195 FFPOs के गठन के लिए 544.86 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें 195 नए FFPOs का गठन और 2000 मौजूदा प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों

(PFCSs) को FFPOs के रूप में गठित करना शामिल है; यह परियोजना चार केंद्रीय एजेंसियों अर्थात राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (NFDB), लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (SFAC), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (NAFED) और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है; रिपोर्ट के अनुसार, देश में अब तक कुल 2104 मत्स्य किसान उत्पादक संगठन (FFPOs) गठित किए जा चुके हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश राज्य के 192 FFPOs शामिल हैं तथा देश में PMMSY के तहत अब तक गठित मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (FFPOs) का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** पर प्रस्तुत है।

रिपोर्ट के अनुसार, आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत 328.20 लाख रुपए की सरकारी सहायता से 10 नए मत्स्य किसान उत्पादक संगठन (FFPOs) गठित और पंजीकृत किए गए हैं; इन नए गठित FFPOs को दी जाने वाली सहायता में इन्क्यूबेशन (पोषक सहायता), प्रबंधन लागत और इक्विटी अनुदान शामिल हैं तथा आंध्र प्रदेश में नए गठित FFPOs का जिला-वार विवरण **अनुबंध-II** पर प्रस्तुत है; इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश राज्य में प्रबंधन लागत और इक्विटी अनुदान को कवर करते हुए कुल 963.73 लाख रुपए के निवेश से 182 मौजूदा प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों (PFCSs) को मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (FFPOs) के रूप में गठित किया गया है, जिसमें आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले में 165.82 लाख रुपए की लागत से FFPO के रूप में 34 प्राथमिक मत्स्य सहकारी समितियों का गठन शामिल है; आंध्र प्रदेश राज्य में PMMSY के तहत FFPO के रूप में गठित इन 182 मौजूदा प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों का जिला-वार विवरण **अनुबंध-III** पर प्रस्तुत है; यह भी रिपोर्ट दी गई है कि आंध्र प्रदेश राज्य में उपर्युक्त 192 कार्यात्मक FFPOs से कुल 39,022 सदस्य जुड़े हुए हैं, जिनमें नए FFPOs के 6,136 सदस्य और FFPOs के रूप में गठित की गई मौजूदा PFCSs के शेष 32,886 सदस्य शामिल हैं।

****

अनुबंध- I

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत FFPOs के संबंध में 21 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 353 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण — देश में PMMSY के अंतर्गत गठित मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (FFPOs) का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम	2021-22 से नए FFPO का गठन	2021-22 से मौजूदा प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों का FFPOs के रूप में गठन
1.	आंध्र प्रदेश	10	182
2.	अरुणाचल प्रदेश	2	0
3.	असम	16	160
4.	बिहार	13	35
5.	छत्तीसगढ़	9	47
6.	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	2	0
7.	गोवा	0	4
8.	गुजरात	6	119
9.	हरियाणा	1	1
10.	हिमाचल प्रदेश	3	15
11.	जम्मू और कश्मीर	2	0
12.	झारखंड	1	27
13.	कर्नाटक	4	62
14.	केरल	4	123
15.	लद्दाख	1	0
16.	मध्य प्रदेश	15	92
17.	महाराष्ट्र	7	254
18.	मणिपुर	13	135
19.	मेघालय	3	6
20.	मिजोरम	3	15
21.	नागालैंड	4	39
22.	ओडिशा	9	21
23.	पुदुचेरी	1	0
24.	राजस्थान	5	5
25.	तमिलनाडु	8	105
26.	तेलंगाना	7	238
27.	त्रिपुरा	17	105
28.	उत्तर प्रदेश	21	54
29.	उत्तराखंड	7	25
30.	पश्चिम बंगाल	1	40
	कुल	**195**	**1909**

अनुबंध- II

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत FFPOs के संबंध में 21 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 353 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण — आंध्र प्रदेश राज्य में गठित मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (FFPOs) का ज़िलेवार विवरण

(रुपए लाख में)

क्रम संख्या	ज़िला	FFPO का नाम	पंजीकरण का वर्ष	FFPO में सदस्यों की संख्या	FFPO के सदस्यों द्वारा जुटाई गई शेयर पूंजी(रुपए लाख में)	CBBO की लागत जारी की गई(रुपए लाख में)	प्रबंधन लागत(रुपए लाख में)	FFPO इक्विटी लागत(रुपए लाख में)	FFPOs द्वारा की जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियाँ	CBBOS द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या
1	कुरनूल	कुरनूल श्री मत्स्य नारायण मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड	2023	750	15.0	70.829	14.10	15.00	मत्स्यन, ड्राइ फिश की बिक्री	12
2	अनंतपुर	अनंतपुरम श्री मत्स्य नारायण मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड	2023	750	15.0		13.92	15.00	मत्स्यन, ड्राइ फिश की बिक्री	12
3	नंद्याला	नंद्याल श्री मत्स्यनारायण मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड	2023	750	15.0		14.09	15.00	मत्स्य और मत्स्य बर्गर, अचार बनाना	12
4	SPSR नेल्लोर	जलपुष्पा मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड	2023	750	15.00	12.499	6.50	12.00	मत्स्य व्यापार	12
5	प्रकाशम	प्रकाशम तटीय समुद्री मत्स्य किसान उत्पादक MACS लिमिटेड	2023	750	15.00		6.44	9.00	मत्स्य व्यापार	12
6	तिरुपति	शिव शक्ति एफएफपी MACS लिमिटेड	2023	750	15.00	24.999	17.20	15.00	झींगा प्रसंस्करण इकाई	12
7	बापतला	जय सूर्या फिश फार्मर्स प्रोड्यूसर्स MACS लिमिटेड	2023	750	15.00		17.60	15.00	ड्राइ फिश इकाई	12
8	कृष्ण	नादिवाड़ा एक्वा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड	2024	177	1.60	20.83	2.60	1.60	ड्राइ फिश प्रसंस्करण और विपणन	12
9	कृष्ण	भारत FFPCL	2023	368	2.75		5.30	2.75	ड्राइ फिश प्रसंस्करण और विपणन	42
10	पश्चिम गोदावरी	महामत्स्यनारायण FFPCL	2023	341	4.47		5.30	4.47	ड्राइ फिश प्रसंस्करण और विपणन	45

*****

अनुबंध- III

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत FFPOs के संबंध में 21 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 353 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण — आंध्र प्रदेश राज्य में PMMSY के तहत मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (FFPOs) के रूप में गठित मौजूदा प्राथमिक मत्स्य सहकारी समितियों (PFCSs) का ज़िलेवार विवरण।

क्रम संख्या	ज़िला	FFPO (संख्या)	प्रबंधन लागत जारी की गई (रुपए लाख में)	इक्विटी ग्रांट जारी (रुपए लाख)	सदस्यों की संख्या
1	श्रीकाकुलम	19	77.67	19.30	7233
2	विजयनगरम	6	25.08	6.07	1078
3	पार्वतीपुरम मान्यम	5	22.24	3.32	670
4	विशाखापत्तनम	3	12.39	5.14	272
5	अनकापल्ली	2	10.00	8.00	453
6	काकीनाडा	10	47.15	11.04	1581
7	पूर्वी गोदावरी	12	45.69	5.12	1180
8	कोनासीमा	34	132.26	33.56	5111
9	पश्चिम गोदावरी	20	84.78	21.96	2662
10	एलुरु	18	70.32	8.58	2,770
11	कृष्ण	7	31.86	8.67	1,472
12	एनटीआर	1	4.92	2.40	120
13	गुंटूर	6	25.81	12.29	120
14	पलनाडु	2	5.08	0.00	1,130
15	बापतला	11	52.30	17.23	670
16	प्रकाशम	3	14.92	6.21	2,347
17	SPSR नेल्लोर	6	20.16	15.20	780
18	चित्तूर	2	5.08	0.00	263
19	कुरनूल	3	12.54	9.24	467
20	नांदयाल	1	0.83	0.00	467
21	तिरुपति	5	25.00	16.98	1410
22	YSR कडप्पा	1	5.00	0.00	120
23	श्री सत्य साईं	1	2.54	0.00	105
24	अनंतपुरम	4	19.81	0.00	405
	कुल	**182**	**753.43**	**210.30**	**32886**

*****